अस्पताल में बच्ची के उल्टी करने पर कर्मचारी ने कहा, साफ करो

गोटेगांव, देशबन्धु । स्थानीय नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोटेगांव में स्वास्थ्य कर्मचारी के द्वारा अभद्रतापूर्ण व्यवहार करने का मामला सामने आया है। सात साल की बीमार बच्ची के उल्टी करने पर कर्मचारी ने चीख कर परिजनों से उल्टी साफ करने को कहा

तीन नवंबर की रात्रि को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नगर के हरदौल वार्ड निवासी परिजन अपनी एक लगभग सातवर्षीय छोटी बच्ची को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए लेकर आए थे। छोटी बच्ची को उल्टियां हो रही थीं। उसके इलाज के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए। वहां पर रात्रि कालीन पर्ची काटने वाले कर्मचारी के द्वारा परिजनों से अभद्रता की गई।

बीमार बच्ची ने अस्पताल परिसर के डॉक्टर रूम के बाहर उल्टी कर दी थी। वहां ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी ने परिजनों

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोटेगांव का मामला

से चिल्ला कर तेज आवाज में उल्टी साफ करने के लिए कहा। इस पर पीड़ित बच्ची के परिजनों ने विवाद न करने के उद्देश्य से कर्मचारी से कहा कि आप पानी की व्यवस्था कर दीजिए हम उल्टी के ऊपर पानी डाल देंगे, लेकिन कर्मचारी ने जिद पकड़ ली और परिजनों से कहा आप यहां पर आकर उल्टी करोगे तो क्या हम साफ करेंगे। कर्मचारी ने कहा पानी डालकर वाइपर से अच्छी तरीके से उल्टी साफ करनी पड़ेगी और कर्मचारी परिजनों पर लगातार तू तड़का करके चिल्लाता रहा।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में शासन द्वारा सफाई कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाती है। उसके उपरांत कर्मचारी के द्वारा मरीज के परिजनों को साफ सफाई के लिए बाध्य करना तानाशाहीपूर्ण और गैरजिम्मेदाराना है। ऐसे कर्मचारी जानबूझकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की छवि में बट्टा लगा रहे हैं। जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। उच्च अधिकारियों को ऐसे कर्मचारी पर कार्रवाई कर नजीर पेश करनी चाहिए।

शिकायत के बाद भी श्मशान भूमि से नहीं हटा अतिक्रमण

ग्रामीणों ने दी तहसील कार्यालय के सामने आंदोलन की चेतावनी

छपारा, देशबन्धु। शासकीय भूमि पर कब्जा करने वाले भूमाफियाओं पर सख्त कार्यवाही करने के शासन के निर्देश हैं लेकिन यहां सिवनी के छपारा विकासखंड में जनसुनवाई में तीन बार शिकायत करने के बाद भी श्मशान की भूमि से अतिक्रमण नहीं हटाया गया है जिसके चलते अब यहां के ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है ।

ग्रामीणों के द्वारा तहसील कार्यालय में शिकायत की गई. इतना ही नहीं तहसीलदार ने अतिक्रमण करने वाले व्यक्तियों को नोटिस भी जारी किया. और नोटिस जारी करने के बाद 15 अक्टूबर 2024 को एक आदेश पारित कर अतिक्रमण हटाने की टीम भी बनाई गई. लेकिन अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही नहीं की गई ।

यह पूरा मामला ग्राम पंचायत सागर ताखला ग्राम का है. जिस पर

ग्रामीणों ने अपनी शिकायत में कलेक्टर और तहसीलदार को बताया है कि ताखला ग्राम में श्मशान के लिए भूमि आरक्षित है जिसमें ताखला गांव में शासकीय श्मशान मद की भूमि खसरा नंबर 84 रकबा नंबर 0.77 हे0 में ताखला गांव के पूना राम पिता ज्ञान सिंह रमेश पिता श्रीचंद मोतीलाल पिता गालझार के द्वारा अवैध कब्जा कर यहां मकान बना लिया गया है. इतना ही नहीं बाकी शेष श्मशान की भूमि पर भी इनका अतिक्रमण है. अतिक्रमण स्वयं हटाने को लेकर जारी किए गए नोटिस मिलने के बाद भी उक्त दबंगो द्वारा श्मशान की भूमि में फिर से एक मकान बनाया जा रहा है. लेकिन अब तक कोई कार्यवाही आरोपियों के खिलाफ नहीं की गई है । जबकि तहसीलदार के द्वारा 15 अक्टूबर को अतिक्रमण हटाने को लेकर आदेश पारित कर चार सदस्यीय टीम का भी गठन किया गया है. लेकिन अब तक कार्यवाही नहीं हुई है. गौरतलब है कि ग्राम तखला भीमगढ़ संजय सरोवर बांध निर्माण होने के बाद से डूब से प्रभावित है. यहां की समस्त निस्तार भूमि डूब में आ चुकी है. एकमात्र श्मशान भूमि सरकार ने निर्धारित किया है । वह भी हमसे अतिक्रमणकारियों ने छीन ली है. वही ग्रामीणों ने बताया कि इस मामले की शिकायत करने के बाद अतिक्रमण करने वाले व्यक्ति शिकायतकर्ताओं को भी धमका रहे हैं फिलहाल ग्रामीणों ने श्मशान की भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर प्रशासन को चेतावनी दी है. एक सप्ताह के भीतर यदि अतिक्रमण नहीं हटाया तो तहसील कार्यालय के सामने धरना आंदोलन करेंगे ।

इनका कहना है -

अतिक्रमण हटाए जाने को लेकर दल का गठन कर लिया गया है (एक सप्ताह के भीतर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई कर ली जाएगी ।

नितिन कुमार चौधरी
तहसीलदार छपरा

सार-समाचार

यूथ ऑफ़ सौसर ने किए कपड़े वितरित

सौसर, देशबन्धु। नगर के सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने वाला सामाजिक संघठन यूथ ऑफ़ सौसर द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी दीपावली के पावन पर्व पर गरीब बच्चों के बीच जाकर कपड़े एवं मिठाईयों का वितरण किया गया। गोपाल कोठे ने बताया की पांदुर्ना विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत छाबड़ी के आश्रित ग्राम बोरपानी के बच्चों को वितरण किया गया । इस अवसर पर यूथ ऑफ़ सौसर के सभी सदस्य उपस्थित थे ।

दिवाली मिलन समारोह आयोजित

सौसर, देशबन्धु। रिधोरा में पूर्व विधायक अजय चौरे के द्वारा दिवाली मिलन समारोह का आयोजन किया गया । इस दौरान बड़ी संख्या में सामाजिक धार्मिक राजनीतिक सांस्कृतिक क्षेत्र से जुड़े हुए लोगों के द्वारा पहुंचकर एक दूसरे को मिठाई खिलाते हुए दिवाली पर्व की बधाई दी है । दिवाली मिलन समारोह के साथ-साथ प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी सदस्य एवं पूर्व विधायक अजय चौरे के द्वारा सभी आगंतुकों का पुष्प माला पहनाकर स्वागत सत्कार करते हुए दीपावली पर्व की बधाइयां दी । दिवाली मिलन समारोह के दौरान सौसर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास एवं आपसी भाईचारे प्रेम को लेकर भी चर्चा की गई ।

तीन लोगों को मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से मिली आर्थिक सहायता

सौसर, देशबन्धु। भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में गरीब वर्ग के परिवारों को उनके गंभीर बीमारी के उपचार हेतू पूर्व शिक्षा मंत्री नाना भाऊ मोहोड़ के प्रयासो से मध्य प्रदेश शासन द्वारा स्वेच्छानुदान मद से मुख्यमंत्री सहायता से आर्थिक राशि प्राप्त हुई जिसमे ग्राम पारड़सिंगा से स्व. सुरेंद्र बड़े को 40000 हजार रुपए,धीरेन्द्र गुप्ता 30000 हजार रुपए, शंभु दास 25000 हजार रुपए की राशि प्रदान की गई है। चुनाव मे पराजय के बावजूद नाना भाऊ द्वारा जनता की सेवा करना नहीं छोड़ा जबकि सेवा करने का निरंतर कार्य करना शुरू रखा।

रंगदारी वा गुंडागर्दी के मामले में अतुल एवं वीरेन्द्र गिरफ्तार

कोतमा, देशबन्धु। कोतमा थाना क्षेत्र में रंगदारी दिखाकर गुंडागर्दी करते जबरन पैसों की मांग करते हुए मारपीट किए जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी अतुल मिश्रा पिता विपिन मिश्रा उम्र 31 वर्ष निवासी बदरा, वीरेंद्र मिश्रा उर्फ पप्पू पिता पारसनाथ मिश्रा उम्र 28 वर्ष निवासी पसान को गिरफ्तार करते हुए उनके खिलाफ धारा 296,115 (2), 351(3),119(1),3/5 बीएसएस के तहत मामला दर्ज करते न्यायालय में पेश किया गया। मामले की जानकारी देते हुए कोतमा थाना प्रभारी सुन्द्रेश सिंह मरावी ने बताया कि 4 नवम्बर को फरियादी सतीश सिंह बरगाही उर्फ किला पिता सुरेंद्र सिंह निवासी पुरानी बस्ती कोतमा ने थाना पहुंच शिकायत दर्ज कराई कि वह नीरज गुप्ता के ढ़ाबा कोतमा में रात लगभग 10 बजे चाय पी रहा

अभय कुलवर्धिनी बालिका संस्कार समारोह का आयोजन

गोटेगांव, देशबन्धु। नगर में विगत दिवस संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज एवं आचार्य समय सागर महाराज के आशीर्वाद से संभव सागर महाराज के सानिध्य में आयु 8 वर्ष से अविवाहित बालिकाओं का पंचायती जैन मंदिर में बालिका संस्कार समारोह आयोजन किया गया यहां पूर्ण विधि विधान से कार्यक्रम संपन्न हुआ जहां समाज की बालिकाओं ने इस भव्य आयोजन में सम्मिलित हुई इस समारोह में पूर्व भूमिका रक्षासूत्र मंत्र एवं बालिकाओं को सामग्री वितरण की गई । आचार्य भक्ति एवं संगीत में मेहंदी कार्यक्रम का आयोजन किया गया । अभिषेक शांति धारा एवं विशेष शांति धारा बालिकाओं द्वारा संगीत में आचार्य श्री का भव्य पूजन विधि विधान से संस्कार विधि की गई एवं मुनि श्री के प्रवचन एवं जिनालय वंदना शोभा यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर कार्यक्रम में श्री पारसनाथ पंचायती जैन मंदिर के सभी ट्रस्टी एवं समाज के वरिष्ठ नागरिक भक्तगण उपस्थित रहे।

ओपन फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ

नैनपुर, देशबन्धु। मार्केट इलेवन के तत्वाधान में गत 4 नवंबर से ओपन फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें मध्यप्रदेश के अलावा अन्य राज्यों से भी टीमें भी आमंत्रित रही ।

शुभारंभ मैच नैनपुर बनाम मंडला के बीच खेला गया जिसमें नैनपुर ने 4 गोल और मंडला ने 2 गोल मारा और मैच में नैनपुर विजयी हासिल की मैच काफी रोमांचक हुआ । सभी खेल प्रेमियों ने सभी खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।

शुभारंभ मैच में ये रहे उपस्थित - शुभारंभ मैच में उपस्थित जुगल खंडेलवाल, राजेश सेवाईकर, विनोद साओ ,धर्मेंद्र राजपूत, नीरज सोनी, सत्यप्रकाश सोनी, पार्षद सुनील विश्वकर्मा, प्रदीप समुंद्रे, चंदू त्रिपाठी , पूर्व खिलाड़ी एवं समस्त खेल प्रेमी उपस्थित रहे जिन्होंने खेल की सराहना की।

सड़क पर गड्ढों की भरमार, राहगीर परेशान

गोटेगांव, देशबन्धु। गोटेगांव से जबलपुर और नरसिंहपुर तथा अन्य गांवों को जोड़ने वाली सड़कें अब आक्सीजन पर चलने लगीं हैं। जगह जगह सड़क खराब होती जा रही है गड्ढों की भरमार नजर आने लगी है।

गोटेगांव के प्रसिद्ध बड़ा पुल के बीचों बीच सेंटर में एक भारी भरकम जानलेवा गड्ढा हो गया है। गांवों में भी नगर से जोड़ने वाली सड़कें पूर्णत: खराब हो चुकी हैं। बड़े पुल से जबलपुर तक सड़क खराब हो चली है।

स्मरण हो कि 2003 में में तत्कालीन सरकार के द्वारा टीपीपीएल कंपनी ने जबलपुर नरसिंहपुर सड़क स्टेट हाईवे 22 का निर्माण किया था। तबसे आज तक लगभग 21 वर्ष हो गए। किसी ने भी ध्यान इस ओर नहीं दिया और अगर किया भी कार्य है तो थेगड़ा लगाकर सड़कों को ढांकने की कोशिश की गई। अब सड़कें उखड़ गई हैं और जगह जगह जानलेवा गड्ढे होते जा रहे हैं। इन सड़कों पर बाइक चलाना भी खतरे से खाली नहीं हैं।अच्छा होता सरकार और सरकार के जनप्रतिनिधि इस ओर ध्यान देकर सड़क की हालत सुधरवाते।

शुरू हुई सोयाबीन की खरीदी

गोटेगांव, देशबन्धु। विधायक महेन्द्र नागेश की मौजूदगी में ब्रांच गोटेगांव के एसडब्ल्यूसी केन्द्र में गोटेगांव में सोयाबीन खरीदी- 2024 का शुभारंभ सोमवार को किया। यहां अतिथियों ने सोयाबीन उपार्जन के लिए आये किसानों का स्वागत किया। इस मौके पर अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी और किसान मौजूद थे।

31 दिसम्बर तक होगा उपार्जन - उल्लेखनीय है कि राज्य शासन के किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा खरीफ वर्ष 2024 (विपणन वर्ष 2024- 25) में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सोयाबीन उपार्जन नीति जारी की गई है। प्राईस स्पोर्ट स्क्रीम योजना के अंतर्गत ई- उपार्जन पोर्टल पर सोयाबीन उपार्जन का कार्य 31 दिसम्बर 2024 तक की अवधि में किया जायेगा। शासन द्वारा सोयाबीन फसल के लिए 4 हजार 892 रुपये प्रति क्विंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित किया है। जिले के 7 हजार 553 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है।

इन उपार्जन केन्द्रों में सोयाबीन उपज को कर सकते हैं विक्रय - नरसिंहपुर तहसील के अंतर्गत सेन्ट्रल वेयर हाउस- सीडब्ल्यूसी कठौतिया संस्था- सेवा सहकारी समिति डांगीढाना, वृंदावन पंडा वेयरहाउस नयागांव संस्था- सेवा सहकारी समिति सिवनी बंधा, तेन्दूखेड़ा तहसील के अंतर्गत श्री मॉ वेयरहाउस लोलरी संस्था- सेवा सहकारी समिति मुर्गाखेड़ा, हरसिद्धि वेयरहाउस बिलहरा संस्था- सेवा सहकारी समिति बिलहेरा- अमलताश एण्ड कंपनी रमपुरा संस्था- सेवा सहकारी समिति ढिलवार, करेली तहसील के अंतर्गत 3 एबीसी करेली बस्ती संस्था- विपणन समिति खुलरी, गोटेगांव तहसील के अंतर्गत स्वीनिर्मित सीडब्ल्यूसी गोदाम गोटेगांव संस्था- सेवा सहकारी समिति मेख, गाडरवारा तहसील के अंतर्गत पाली वेयरहाउस बीतली संस्था- सेवा सहकारी समिति शाहपुर, एमपीडब्ल्यूएलसी गाडरवारा कैम्पस गाडरवारा संस्था- विपणन समिति गाडरवारा, गुरूकृपा वेयरहाउस बटेसरा संस्था- विपणन समिति चीचली, बड़कुर वेयरहाउस सिंहपुर छोटा संस्था- सेवा सहकारी समिति बसुरिया, अंजली वेयरहाउस नांदनेर संस्था- पूजा शक्ति महिला फार्मर प्रोडयूर कंपनी करेली, कृष्णा वेयर हाउस चिरहकला संस्था- सेवा सहकारी समिति करपगांव, सांईखेड़ा तहसील के अंतर्गत चौधरी वेयर हाउस रम्पुरा संस्था- सेवा सहकारी समिति सासबहू के गोदाम स्तरीय उपार्जन केन्द्रों में सोयाबीन फसल का उपार्जन कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

जिले के किसानों से अपील की गई है कि उक्त उपार्जन केन्द्रों में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अपनी सोयाबीन उपज को विक्रय कर सकते हैं।

डॉ.अधीर गोयल ने पीएचडी कर विश्वविद्यालय का किया नाम रोशन

सौसर, देशबन्धु। डॉ. अधीर ए. गोयल ने जी.एच. रायसोनी विश्वविद्यालय, साईखेड़ा से प्रबंधन में अपनी पीएचडी सफलतापूर्वक पूरी की है।

उनका शोध डिजिटल मार्केटिंग का

ग्रामीण जनसंख्या की खरीदारी व्यवहार पर प्रभाव और उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं के संदर्भ में था. इसकी प्रभावशीलता - महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के चयनित तहसीलों का अध्ययन विषय पर आधारित है, जिसे डॉ. श्रीराम जोशी के मार्गदर्शन में किया गया। डॉ. गोयल का शोध ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल मार्केटिंग द्वारा खरीदारी निर्णयों पर पड़ने वाले प्रभावों पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करता है। अधीर गोयल ने अपने पीएचडी करने का श्रेय अपने माता-पिता व गुरुजनो को दिया है।

ओवर नाइट एक्सप्रेस के श्रीधाम स्टेशन पर स्टॉपेज की मांग

गोटेगांव, देशबन्धु। स्थानीय नगर के श्रीधाम स्टेशन से जिस ट्रेन में गरीब जनता सफर करती थी वह ट्रेनें बंद कर दी गई है अब सवाल यह उठता है की गरीब जनता की कोई सुनने वाला है क्या। जो बंद पड़ी शटल और फास्ट गाड़ी को पुन: चालू करने के लिए प्रयास होना चाहिए इस विषय में अनेक बार जनता ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों को इस समस्या से अवगत भी कराया किंतु जनप्रतिनिधियों की चुप्पी जनमानस में आक्रोश पैदा कर रही है ।

वहीं पढ़ाई करने के लिए इंदौर जाने वाले बच्चों के लिए भी रेल प्रशासन को ओवरनाइट का स्टॉपेज करना चाहिए अभी इंदौर के लिए सिर्फ नर्मदा एक्सप्रेस है इसको पहुंचने में 13 घंटे का समय लगता है एवं ओवरनाइट अगर श्रीधाम स्थापित हो जाए तो सिर्फ 9 घंटे में इंदौर की यात्रा विद्यार्थियों के लिए सुगमता प्रदान करेगी इंदौर आने जाने वाले बच्चों के लिए समय भी कम लगेगा इस विषय में शासन प्रशासन एवं जनप्रतिनिधि ध्यान दें । जैसा कि सभी को विदित है कि सामान्य वर्ग के लिए सस्ती सुंदर और उपयोगी ट्रेनें बंद करने से जहां जनमानस पर आर्थिक बोझ भी बढ़ता है वहीं इन गाड़ियों के स्थान पर चलाई गई मेमो ट्रेन ऊंट के मुंह में जीरा साबित हो रही है और जनता लगातार अपनी पुरानी ट्रेनों को चलाने की मांग कर रही है स्मरण रहे यह ट्रेनें इटारसी से कटनी सतना के बीच लगभग तीस से चालीस स्टेशनों की यात्रियों को समय पर और सुविधा पूर्वक अपने गंतव्य तक लाने ले जाने का कार्य करती थी जहां ओवरनाइट ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों का यह भी कहना है कि पिपरिया में ट्रेन समय के पूर्व पहुंच जाती है एवं लगभग आधा घंटा वहां खड़ी रहती है एवं इसी तरह से आते समय मदन महल बिफोर समय पर पहुंच जाती है तो लगभग तीस मिनट मदन महल में भी खड़ी रहती है इसी समय को मैनेज करते हुए अगर दो मिनट का श्रीधाम में स्टॉपेज हो जाए तो यात्रियों एवं बाहर पढ़ने जाने वाले छात्रों सहित गोटेगांव क्षेत्र की जनता को भी इस ट्रेन का लाभ मिलने लगेगा।

दैनिक राशिफल

बुधवार 06 नवम्बर 2024 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। कार्तिक शुक्ल पक्ष की पंचमी, नक्षत्र-मूल।

मेष
आर्थिक और व्यावसायिक रूप से आज का दिन लाभदायक है। आर्थिक लाभ मिलेगा। लंबे समय के लिए निवेश कर सकेंगे।

वृषभ
विचारों की विशालता और वाणी का जादू दूसरों को प्रभावित और मंत्रमुग्ध करेंगे। लोगों के साथ सौहार्द्रपूर्ण संबंध बने रहेंगे।

मिथुन
महत्वपूर्ण निर्णय लेने में आप दुविधा अनुभव करेंगे। माता और पत्नी के मामले में अधिक संवेदनशील बनेंगे। विचारों की भरमार से मानसिक थकान का अनुभव होगा।

कर्क
काम की सफलता और नए काम के शुभारंभ के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। मित्रों तथा स्वजनों के साथ की मुलाकात से आप खुशहाल रहेंगे।

सिंह
दूर बसनेवाले स्नेहीजन तथा मित्रों के साथ के संदेश व्यवहार से आपको लाभ होगा। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। उत्तम भोजन की प्राप्ति होगी।

कन्या
वैचारिक समृद्धि और वाणी की मोहकता से आपको लाभ होगा और आप सौहार्द्रपूर्ण संबंध विकसित कर अपना काम निकाल सकेंगे। व्यवसाय की दृष्टि से आज का दिन लाभदायक साबित होगा।

तुला
अपनी वाणी और व्यवहार को संयम में रखें। अन्य व्यक्तियों या परिजनों के साथ उग्र बोलाचाली होने की आशंका है।

वृश्चिक
गृहस्थजीवन में आपको सुख और संतोष का अनुभव होगा। पत्नी तथा पुत्र से शुभ समाचार मिलेगा। मांगलिक काम होंगे। विवाह के संयोग बनेंगे।

धनु
आर्थिक और व्यापारिक आयोजन करने के लिए शुभ दिन है। कोई भी काम सफलतापूर्वक पूरा होगा। परोपकार की भावना आज बलवती रहेगी। आमोद-प्रमोद में आपका दिन गुजरेगा।

मकर
बौद्धिक कार्यों एवं व्यवसाय में आप नई शैली अपनाएंगे। साहित्य तथा लेखन की प्रवृत्ति को गति मिलेगी। शरीर में बेचैनी और थकान का अनुभव होगा।

कुंभ
अनैतिक और निषेधात्मक कार्यों तथा नकारात्मक विचारों से दूर रहें। अत्यधिक विचार और क्रोध आपकी मानसिक स्वस्थता में खलल पहुंचाएंगे।

मीन
आपका आज का दिन सुख- शांति में गुजरेगा। व्यापारियों के लिए समय अच्छा है। दांपत्यजीवन में निकटता का अनुभव होगा। मित्रों, स्वजनों के साथ मलाकात होगी।

म.

झोलाछाप डॉक्टर बेखौफ, कार्रवाई नहीं

आकाश खंडाईत

सौसर, देशबन्धु। नगर एवं आसपास के क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरों का बोलबाला चरम सीमा पर है। वे धड़ल्ले से इलाज कर रहे हैं। मरीज चाहे उल्टी, दस्त, खांसी, बुखार से पीड़ित हो या फिर अन्य कोई बीमारी, सभी बीमारियों का इलाज ये झोलाछाप डॉक्टर करने को तैयार हो जाते हैं।

खास बात यह है कि अधिकतर झोलाछाप डॉक्टरों की उम्र 30 से 35 साल के बीच है जो प्राय: बंगाल से और कुछ लोकल के ही नजर आते हैं। मरीज की हालत बिगड़ती है तो उसे आनन फानन में सौसर सिविल हॉस्पिटल या नागपुर भेज दिया जाता है। जबकि यह लापरवाही स्वास्थ विभाग के आला अधिकारियों की जानकारी में भी है। बावजूद इसके स्वास्थ्य विभाग इन तथाकथित झोलाछाप डॉक्टरों पर मेहरबान है।

वैसे तो नगर के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में सरकारी सुविधाओं में कहीं न कहीं कमी है या वहां के चिकित्सकों या कर्मचारियों का व्यवहार खराब होने के कारण इसका फायदा झोलाछाप उठाते हैं। नगर के कुछ लोगों का कहना है कि यहां के शासकीय अस्पतालों में केवल प्राथमिक उपचार कर रेफर करने का ही काम किया जाता है। ग्राम रामाकोना के हॉस्पिटल में भी रात में इमरजेंसी पर कोई डॉक्टर नहीं रहता। इसीलिए मजबूरी में झोलाछाप डॉक्टरों का ही सहारा लेना पड़ता है।

झोलाछाप चिकित्सकों के द्वारा बिना पंजीयन के एलोपैथी चिकित्सा व्यवसाय ही नहीं किया जा रहा है, बल्कि बिना ड्रग लाइसेंस के दवाओं का भंडारण व विक्रय भी अवैध रूप से किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इन झोलाछाप डॉक्टरों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है जिसके कारण इनके दिन ब दिन हौसले बुलंद होते जा रहे है।

झोलाछाप डॉक्टरों को लेकर कलेक्टर मनोज पुष्प द्वारा कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं किंतु कार्रवाई होने का नाम नही लिया जा रहा है इसका मतलब संबंधित अधिकारियों द्वारा कलेक्टर के निर्देश की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। कुछ तथाकथित झोलाछाप पर क्षेत्र के राजनीतिक लोगों का संरक्षण होने के कारण किसी अधिकारी की हिम्मत नहीं हो पाती है कि वो झोलाछाप पर कार्रवाई कर सके।

रामाकोना तथा आसपास के ग्राम के गरीब परिवार इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामाकोना पर निर्भर है किन्तु रात्रि के दौरान यहाँ उपचार होना असंभव हो जाता है चूंकि यहां पदस्थ डॉक्टर की ड्यूटी सिविल अस्पताल में लगाई जाती है। आनन फानन में गरीब मरीज झोलाछाप के शरण मे जाने मजबूर हो जाता है। सौसर एवं ग्राम रामाकोना के झोलाछाप कम फीस के लिए जाने जाते है लेकिन दवाई दुकानों से इनका कमीशन बहुत तगड़ा होता है।